गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)
(A Central University established by the Central University Act., 2009 NO.25 of 2009)
Web Site – www ggu.ac.in, ph. No. 07752-260342, fax No. 07752-260148,154


**कमांक 1182/अका./VRET-प्रवेश परीक्षा/2025** **बिलासपुर दिनॉक** 04 MAR 2025

## परिपत्र

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में दिनॉक 09–3–2025 को आयोजित होने वाली VRET- प्रवेश परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार व्यवस्थायें की जाती है :–

1– आगंतुक उम्मीदवारों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान करने तथा आवश्यक सहयोग करने के लिये विश्वविद्यालय के 03 स्थलों पर सहायता केन्द्र बनाये जायेगें जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| हेल्प डेस्क–01 | 1–डॉ0 अजय कुमार सिंह,वानिकी विभाग<br>2–डॉ0मनीष गुप्ता, गणित विभाग | -- मुख्य द्वार स्थल |
| NSS टीम | 1– प्रतीक तिवारी 3– वेद प्रकाश<br>2–आयुष्मान चौधरी 4– शुभम साहू | |
| हेल्प डेस्क–02 | 1–डॉ0आर0के0पांडे, भौतिक विभाग<br>2–डॉ0दीपांकर यादव,वनस्पति विज्ञान विभाग | -- UTD के सामने |
| NSS टीम | 1– हंसा पटेल 3– लीना साहू<br>2– मानसी दुबे 4– प्रशांत पाल | |
| हेल्प डेस्क–03 | 1– श्री टी0पी0सिंह, सहा.कुलसचिव(अकादमी)<br>2–श्री समारू राम रात्रे<br>3–श्री यश बत्रा 4– श्री कालेश्वर राम<br>5–श्री अनीष कुमार गौरहा MTS<br>6–श्री चैतराम धीवर, MTS | -- प्रशासनिक भवन |

उपरोक्तानुसार तैनात शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी दिनॉक 09–03–2025 को प्रातः09:00बजे से कार्यस्थल पर उपस्थित रहेंगे।

2– बाहर से आये उम्मीदवारों के अभिभावकों के लिये परीक्षा के दौरान रूकने की व्यवस्था विश्वविद्यालय परिसर स्थित रजत जयंती सभागार में रहेगा। रजत जयंती सभागार के प्रभारी अधिकारी इस हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे।

3– परीक्षा के लिए आये उम्मीदवारों एवं उनके अभिभावकों के स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था हेतु विश्वविद्यालय कैंटीन दिनॉक 09–3–2025 को परीक्षा अवधि तक खुला रहेगा। केन्टीन प्रभारी इस हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे।

4– आगंतुक उम्मीदवारों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारी परीक्षा अवधि में परिसर में उपस्थित रहेंगे एवं यथा–समय परिसर का दौरा करते रहेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करायेंगे।

5– प्रवेश परीक्षा आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए यांत्रिकी विभाग अबाधित बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा तथा परिसर में स्थित परीक्षा भवनों में पेयजल एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था को दुरूस्त करते हुए आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

6– वाहन प्रभारी परीक्षा तिथि को विश्वविद्यालय परिसर में बस तथा ई–रिक्शा चालन की व्यवस्था करेंगे। बस एवं ई–रिक्शा प्रातः 08–00बजे से कार्य के समाप्ति तक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से वाणिज्य विभाग भवन तक लगातार आवागमन करेंगे। जो उम्मीदवार मुख्य द्वार से कैंपस के परीक्षा केन्द्रों में बस या ई–रिक्शा के माध्यम से पहुँचना चाहते हों उन्हें सुविधा प्रदान करेंगे।

7– परिसर में सुरक्षा व्यवस्था एवं उम्मीदवारों को सहयोग प्रदान करने के लिये केन्द्रीय सुरक्षा अनुभाग के कर्मचारी सत्त रूप से तैनात रहेंगे। ठेके पर कार्यरत सुरक्षा कर्मी भी प्रवेश प्रकिया के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर पूरी अवधि में सतर्क रहेंगे तथा उम्मीदवारों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

कमशः ––2

8– ऐसे उम्मीदवार जिनके पास प्रवेश पत्र नहीं है परन्तु निर्धारित फार्म जमा है, वे प्रशासनिक भवन के हेल्प डेस्क से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। बशर्ते उनके पास फार्म जमा करने के पुष्टिकारक दस्तावेज हों।

9– ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने VRET फार्म Online जमा किया है परन्तु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असमर्थ है, वे कार्यालयीन समय में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के अकादमी विभाग से सम्पर्क कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। ऐसे उम्मीदवारों को पुष्टिकारक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव(कार्यवाहक)

**पृ0क्रं0 1183/अका0/2025** **बिलासपुर, दिनॉक 04 MAR 2025**

**प्रतिलिपि :–**

1– कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2– अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3– समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षण विभाग, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4– प्रभारी अधिकारी, रजत जयंती सभागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– मुख्य कलानुशासक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6– चिकित्सा अधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7– विश्वविद्यालय यंत्री/सहायक यंत्री/उपयंत्री, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8– कैंटीन प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9– वाहन प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10– प्रभारी अधिकारी,NSS, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
11– प्रभारी अधिकारी, IT सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12– सुरक्षा प्रभारी/सहायक सुरक्षा अधिकारी/सुरक्षा पर्यवेक्षक के सुरक्षा अनुभाग,गु0घा0वि0वि0 की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
13– उपरोक्तानुसार उल्लेखित समिति के सदस्य/शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14– कार्यालय प्रति।

सहायक कुलसचिव(अका.)